संख्या- 62 /2026/ 232 /चार-2026-1921477

प्रेषक,

उमा द्विवेदी,
विशेष सचिव,
उत्तर प्रदेश शासन।

सेवा में,

निदेशक,
संस्कृति निदेशालय, उ0प्र0,
जवाहर भवन, लखनऊ ।

संस्कृति अनुभाग **लखनऊ: दिनांक: 26 फरवरी, 2026**

विषयः- दिनांक 23.04.2025 को अमेरिका के उप राष्ट्रपति के आगरा भ्रमण के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम कराये जाने पर हुए वास्तविक व्यय की स्वीकृति के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्र संख्या- 3994/सं0नि0-15(12)/2025-26, दिनांक 14 जनवरी, 2026 का कृपया संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें जिसके द्वारा दिनांक 23.04.2025 को अमेरिका के उप राष्ट्रपति के आगरा भ्रमण के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम कराये जाने पर हुए वास्तविक व्यय रू0 11,65,948.00 का प्रस्ताव वित्त नियंत्रक, संस्कृति निदेशालय से परीक्षण कराते हुए, कार्योत्तर स्वीकृति हेतु निम्नवत् उपलब्ध कराया गया है:-

क्र	बिल सं0/ दिनांक	व्यय विवरण	कलाकार व फर्म का नाम	मानदेय	किराया	धनराशि
1	23.04.2025	मानदेय पर व्यय	सुश्री मणिका पाल मथुरा।	40,000.00	10,000.00	50,000.00
2	23.04.2025	मानदेय पर व्यय	श्री गोविंद तिवारी मथुरा।	40,000.00	10,000.00	50,000.00
3	23.04.2025	मानदेय पर व्यय	श्री जया सक्सेना मथुरा।	40,000.00	10,000.00	50,000.00
4	23.04.2025	मानदेय पर व्यय	श्री राजेश शर्मा मथुरा।	40,000.00	10,000.00	50,000.00
5	23.04.2025	मानदेय पर व्यय	श्री खजान सिंह मथुरा।	40,000.00	10,000.00	50,000.00
6	23.04.2025	मानदेय पर व्यय	श्री तेहन्दर बेनीवाल मथुरा।	40,000.00	10,000.00	50,000.00
7	23.04.2025	मानदेय पर व्यय	श्री मुन्ना लाल आजमगढ।	40,000.00	41,580.00	81,580.00
8	23.04.2025	मानदेय पर व्यय	श्री शीतला प्रसाद वर्मा अयोध्या।	40,000.00	36,300.00	76,300.00
9	23.04.2025	मानदेय पर व्यय	सुश्री एकता जैन आगरा।	40,000.00	0	40,000.00
10	23.04.2025	मानदेय पर व्यय	श्री आनन्द किशोर प्रयागराज	40,000.00	36,960.00	76,960.00
11	23.04.2025	मानदेय पर व्यय	सुश्री वन्दना कुशवाह झाँसी	40,000.00	18,480.00	58,480.00
12	23.04.2025	मानदेय पर व्यय	सुश्री मोहिनी ललितपुर।	40,000.00	24,420.00	64,420.00
13	23.04.2025	मानदेय पर व्यय	श्री बन्टी राणा पीलीभीत।	40,000.00	21,120.00	61,120.00
14	23.04.2025	मानदेय पर व्यय	श्री अखिलेख यादव महोबा।	40,000.00	27,600.00	67,600.00
15	2972/ 17.05.2025	कलाकारों के आवास एवं भोजन पर व्यय	जिला पर्यटन एवं संस्कृति परिषद्,	-	-	2,76,632.00
16	149/ 15.05.2025	अधिकारियों एवं कर्मचारियों के यातायात पर व्यय	यू0 पी0 टुअर्स लखनऊ।	-	-	53,451.00
17	38 / 23.04.2025	स्थानीय यातायात पर व्यय	मे0 किरन ट्रैवेल्स आगरा। (प्रतिपूर्ति श्री महेश दीक्षित, प्रधान सहायक)	-	-	9,405.00
योग (रूपये ग्यारह लाख पैंसठ हजार नौ सौ अड़तालीस मात्र)				5,60,000.00	2,66,460.00	11,65,948.00

2. उपर्युक्त के क्रम में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि प्रस्तावानुसार दिनांक 23.04.2025 को अमेरिका के उप राष्ट्रपति के आगरा भ्रमण के दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम कराये जाने पर हुए वास्तविक व्यय **रू0 11,65,948.00 (रूपये ग्यारह लाख पैंसठ हजार नौ सौ अड़तालीस मात्र)** की प्रशासकीय एवं वित्तीय

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट https://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

https://shasanadesh.up.gov.in

स्वीकृति प्रदान करते हुए निम्नलिखित शर्तों/ प्रतिबन्धों के अधीन धनराशि अवमुक्त करने की अनुमति श्री राज्यपाल सहर्ष प्रदान करते है:-

(1) भविष्य में पूर्व अनुमति प्राप्त करके ही कार्यक्रम कराना सुनिश्चित किया जाएगा।
(2) स्वीकृत धनराशि के आहरण/ व्यय एवं अन्य कार्यवाहियों में वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय- ज्ञाप संख्या-6/2025/बी-1-352/दस-2025-231/2025 दिनांक 27 मार्च, 2025 में दिये गये दिशा निर्देशों का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।
(3) निदेशक, संस्कृति निदेशालय, लखनऊ द्वारा सुनिश्चित किया जायेगा कि यह कार्य न तो पूर्व में किसी अन्य योजना/कार्यक्रम के अन्तर्गत स्वीकृत है और न वर्तमान में किसी अन्य योजना/ कार्यक्रम से आच्छादित किया जाना प्रस्तावित है।
(4) उक्त कार्यक्रम में प्रतिभाग करने वाले कलाकारों का मानदेय एवं आवागमन भत्ता शासनादेश दिनांक 27.12.2022 में निहित व्यवस्थानुसार किया जायेगा।
(5) उक्त स्वीकृत धनराशि का भुगतान वास्तविक बिल/ बाउचर्स के आधार पर किया जायेगा।
(6) समस्त कार्यों का भौतिक सत्यापन कर निर्धारित मानकों का अनुपालन करते हुए नियमानुसार भुगतान की कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।
(7) उक्त स्वीकृत धनराशि का आहरण/उपयोग नियमानुसार किया जायेगा।
(8) उक्त स्वीकृति इस प्रतिबंध के अधीन है कि उपरोक्त स्वीकृत धनराशि आवंटित मदों पर व्यय की जायेगी, व्यय की अन्य मदों हेतु कदापि उपयोग नहीं किया जायेगा।
(9) संबंधित संस्था/ कलाकार द्वारा उपलब्ध कराये गये बिल बाउचर के परीक्षणोपरान्त स्वीकृत धनराशि को संस्थान के बैंक खाते में समयान्तर्गत भुगतान कराने की कार्यवाही संस्कृति निदेशालय द्वारा कराते हुए यथाशीघ्र शासन को सूचित किया जायेगा।
(10) उक्त धनराशि निदेशक, संस्कृति निदेशालय के निवर्तन पर है, अत: बजट प्राविधान के सापेक्ष धनराशि की उपलब्धता का दायित्व संस्कृति निदेशालय का होगा। वित्तीय स्वीकृति का आदेश संस्कृति निदेशालय द्वारा बजट प्राविधान के सापेक्ष अवशेष धनराशि की उपलब्धता की स्थिति में ही निर्गत किया जायेगा।
(11) धनराशि व्यय करने में समस्त वित्तीय नियमों का पालन सुनिश्चित किया जायेगा। उक्त धनराशि को व्यय किये जाने में वित्त विभाग द्वारा समय-समय पर जारी एवं वर्तमान में प्रभावी मितव्ययिता संबंधी शासनादेशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

3. उक्त व्यय चालू वित्तीय वर्ष 2025-26 के आय-व्ययक के अन्तर्गत लेखाशीर्षक-2205-कला एवं संस्कृति-102-कला एवं संस्कृति का संवर्द्धन-19- विभिन्न अवसरों पर सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन-42-अन्य व्यय मद से वहन किया जायेगा।

4. यह आदेश वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय- ज्ञाप संख्या-6/2025/बी-1-352/दस-2025-231/2025 दिनांक 27 मार्च, 2025 में प्राप्त दिशा निर्देशों के अन्तर्गत प्रशासकीय विभागों को प्रतिनिधानित अधिकारों के अन्तर्गत निर्गत किये जा रहे हैं।

भवदीया,
उमा द्विवेदी
विशेष सचिव।

संख्या- 62 /2026/ 232 (1) /चार-2026-1921477 तद्दिनांक

प्रतिलिपि: निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित:-

1. महालेखाकार (लेखा व हकदारी) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0, प्रयागराज।
2. महालेखाकार (लेखा - परीक्षा) प्रथम/द्वितीय, उ0प्र0, प्रयागराज।
3. वित्त नियंत्रक, संस्कृति निदेशालय, उ0प्र0 जवाहर भवन, लखनऊ।
4. मुख्य कोषाधिकारी, कोषागार, जवाहर भवन, लखनऊ ।
5. वित्त(लेखा) अनुभाग-1/वित्त(ई-7) अनुभाग, उ0प्र0 शासन।
6. गार्ड फाइल।

आज्ञा से,
उमा द्विवेदी
विशेष सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अत: इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट https://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

https://shasanadesh.up.gov.in